भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. *320
सोमवार, 11 अगस्त, 2025/20 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों का विकास**

***320. श्रीमती लवली आनंद:**
**श्री दिनेश चंद्र यादव:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान बिहार में तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत पहचान किए गए और अनुमोदित विभिन्न तीर्थस्थलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या बिहार राज्य सरकार ने वर्ष 2017-18 के बाद केन्द्र सरकार को किसी तीर्थ स्थल के विकास के लिए, प्रस्ताव भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

श्रीमती लवली आनंद और श्री दिनेश चंद्र यादव द्वारा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. *320 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) नामक योजना के तहत बिहार राज्य सहित देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस योजना के तहत पर्यटन मंत्रालय ने बिहार में तीन परियोजनाओं यथा पटना साहिब में विकास, विष्णुपद मंदिर, गया में मूलभूत सुविधाओं का विकास और अंबिका भवानी मंदिर, सारण में विकास को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती लवली आनंद और श्री दिनेश चंद्र यादव द्वारा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत तीर्थ स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 11.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. *320 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**बिहार राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक प्रगति** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 29.62 | 100% | पूर्ण |
| 2. | विष्णुपद मंदिर, गया में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 3.63 | 100% | पूर्ण |
| 3. | अंबिका भवानी मंदिर, सारण में विकास | 2024-25 | 13.29 | - | - | - | जारी है |

*****